# बालाजी रेस्टोरेंट सहित अन्य पर हुआ जुर्माना

रतलाम. शहर को स्वच्छ व सुन्दर बनाये जाने हेतु नगरीय क्षेत्र रतलाम में 100 माइक्रॉन से कम मोटाई वाली पॉलीथीन व सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर रोक है। इसके बाद भी उपयोग पाए जाने पर जुर्माना नगर निगम कर रही है। शहर में बालाजी रेस्टारेंट सहित अन्य पर नियम तोड़ने पर 500 - 500 रुपए का जुर्माना किया गया है। नगर निगम उपायुक्त विकास सोलंकी ने बताया अभियान में बालाजी रेस्टोरेंट, मौर्य नमकीन पावर हाउस रोड, राजेन्द्र चाट सेंटर व राधाबाई सोलंकी अमानक स्तर की पॉलीथीन उपयोग करने पर 500-500 रूपये का स्पॉट फाईन किया गया। पत्रिका

पत्रिका 26/2/22

# 5 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम ● नगरीय क्षेत्र में खुले में यूरिन व शौच करते है उन पर लगाम लगाने हेतु दण्डात्मक कार्रवाई की जा रही जिसके तहत न्यू अलकापुरी में विजय व्यास द्वारा खुले में यूरिन करने व नाली पर अतिक्रमण कर टेन्ट सामग्री रखने पर पांच व्यक्तियों पर निगम स्पॉट फाइन टीम द्वारा जुर्माना किया गया।

स्वदेश

स्वदेश 26/2/22

# स्ट्रीट लाइट की रोशनी से जगमगाया अहिंसा ग्राम बायपास मार्ग

## सड़क के दोनों ओर 94 स्ट्रीट लाइट लगवाई गई, अब आने-जाने वालों को मिलेगी राहत

● रतलाम

**शहर विधायक चेतन्य काश्यप ने प्रताप नगर से अहिंसाग्राम होते हुए डी-मार्ट तक लगाई गई स्ट्रीट लाईट का बटन दबाकर शुभारंभ किया। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेन्द्रसिंह लुनेरा, पूर्व महापौर शैलेन्द्र डागा, निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया आदि उनके साथ थे।**

विधायक चेतन्य काश्यप ने इस मौके पर कहा कि प्रताप नगर से अहिंसाग्राम होते हुए डी मार्ट तक पूर्व में सीमेन्ट कांक्रीट सड़क का निर्माण करवाया गया था। इस सड़क पर आवासीय कॉलोनिया, मॉल आदि होने नागरिकों का आवागमन रहता है, रात्रि में नागरिकों को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा ना हो, इस हेतु सड़क के दोनो ओर 94 स्ट्रीट लाईट लगवाई गई है। विद्युत कनेक्शन



होने के बाद इसके शुभारंभ से यह सड़क रात्रि में प्रकाश से जगमगा रही है।

मिडटाउन में मीठे पानी की समस्या की जानकारी मिलने पर विधायक श्री काश्यप ने मिडटाउन का बल्क कनेक्शन शीघ्र कराने की घोषणा की। रहवासियों ने मीठे पानी व स्ट्रीट लाईट के लिए उनका आभार व्यक्त किया। संचालन मंडल महामंत्री राकेश परमार ने किया। आभार राधेश्याम मारू ने माना। इस अवसर पर पूर्व महापौर शैलेन्द्र डागा, वरिष्ठ नेता मनोहर पोरवाल, प्रदेश कार्य समिति सदस्य निमिष व्यास, मंडल अध्यक्ष आदित्य डागा, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष मंसुर जमादार, रघुवीरसिंह लुनेरा, लक्ष्मीनारायण मीणा, प्रकाश व्यास, बलराम शर्मा सहित निगम अधिकारी, कर्मचारी व क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित थे। अग्निबाण २५

अग्निबाण २५/२/२२

# रोजगार दिवसः 3 हजार 800 हितग्राहियों को ऋण लाभ प्रदान



रतलाम। जिला मुख्यालय पर शुक्रवार को रोजगार दिवस का आयोजन हुआ। इस दौरान विभिन्न विभागों की कल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत बैंकों के माध्यम से हितग्राहियों को ऋण लाभ प्रदान किए गए। इस अवसर पर 3 हजार 800 हितग्राहियों को करीब 25 करोड़ रूपए के ऋण लाभ मिले।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक रतलाम ग्रामीण दिलीप मकवाना थे। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, सीईओ जिला पंचायत जमुना भिडे, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय प्रबंधक आर रामाकृष्णा नाईक, डूडा के परियोजना अधिकारी अरुण पाठक, वेटरनरी उपसंचालक आरके शर्मा, उप संचालक उद्यानिकी पीएस कनेल, ग्रामीण आजीविका मिशन के जिला प्रबंधक हिमांशु शुक्ला, महाप्रबंधक उद्योग मुकेश शर्मा, उपायुक्त नगर निगम विकास सोलंकी, सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी प्रकाश उपाध्याय, दिनेश पांचाल एवं शासकीय विभागों के अधिकारी तथा हितग्राही उपस्थित थे। कार्यक्रम को विधायक, कलेक्टर ने सम्बोधित किया। जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक दिलीप सेठिया ने शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के तहत हितग्राहियों को प्रदान किए जा रहे ऋण लाभ की विस्तृत जानकारी दी। संचालन हिमांशु शुक्ला ने किया।

नवभारत २६/२/२२

# स्ट्रीट लाईट के प्रकाश से जगमगाया अहिंसा ग्राम बायपास मार्ग

## विधायक काश्यप ने बटन दबाकर किया शुभारंभ

**सिंघम रिपोर्टर ❑ रतलाम**

शहर विधायक चेतन्य काश्यप ने प्रताप नगर से अहिंसाग्राम होते हुए डी मार्ट तक लगाई गई स्ट्रीट लाईट का बटन दबाकर शुभारंभ किया। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेन्द्रसिंह लुनेरा, पूर्व महापौर शैलेन्द्र डागा, निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया आदि उनके साथ थे।

विधायक चेतन्य काश्यप ने इस मौके पर कहा कि प्रताप नगर से अहिंसाग्राम होते हुए डी मार्ट तक पूर्व में सीमेन्ट कांक्रीट सड़क का निर्माण करवाया गया था। इस सड़क पर आवासीय कॉलोनिया, मॉल आदि होने नागरिकों का आवागमन रहता है, रात्रि में नागरिकों को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा ना हो, इस हेतु सड़क के दोनो ओर 94 स्ट्रीट लाईट लगवाई गई है। विद्युत कनेक्शन होने के बाद इसके शुभारंभ से यह सड़क रात्रि में प्रकाश से जगमगा रही है।





मिडटाउन में मीठे पानी की समस्या की जानकारी मिलने पर विधायक श्री काश्यप ने मिडटाउन का बल्क कनेक्शन शीघ्र कराने की घोषणा की। रहवासियों ने मीठे पानी व स्ट्रीट लाईट के लिए उनका आभार व्यक्त किया। संचालन मंडल महामंत्री राकेश परमार ने किया। आभार राधेश्याम मारू ने माना।

इस अवसर पर पूर्व महापौर शैलेन्द्र डागा, वरिष्ठ नेता मनोहर पोरवाल, प्रदेश कार्य समिति सदस्य निमिष व्यास, मंडल अध्यक्ष आदित्य डागा, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष मंसुर जमादार, रघुवीरसिंह लुनेरा, कन्हैयालाल मीणा, प्रकाश व्यास, बलराम शर्मा सहित निगम अधिकारी, कर्मचारी व क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित थे।

सिंघम 25/12/22

# 3800 हितग्राहियों को 25 करोड़ रुपये के ऋण दिए

रतलाम(नईदुनिया प्रतिनिधि)। शुक्रवार को रोजगार दिवस आयोजन में विभिन्न विभागों की कल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत बैंकों के माध्यम से 3 हजार 800 हितग्राहियों को करीब 25 करोड़ रुपये के ऋण लाभ मिले। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक रतलाम ग्रामीण दिलीप मकवाना रहे। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, सीईओ जिला पंचायत जमुना भिड़े, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय प्रबंधक आर रामाकृष्णा नाईक, डूडा परियोजना अधिकारी अरुण पाठक सहित अन्य अधिकारी तथा हितग्राही उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक मकवाना ने कहा कि लाभान्वित हितग्राही ऋण राशि का सदुपयोग करते हुए अपनी तरक्की की दिशा में आगे बढ़े। अपने आपको इस योग्य बनाएं कि अन्य व्यक्तियों को भी बड़े स्तर पर रोजगार दे सके, राज्य शासन आपके साथ है।

कलेक्टर ने कहा कि यह रतलाम जिले का दूसरा रोजगार दिवस है। मार्च माह में पुनः रोजगार दिवस आयोजित किया जाएगा।

स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से संगठित होकर महिलाएं अपने घर से निकलकर स्वालंबन की दिशा में आगे बढ़ रही हैं। जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक दिलीप सेठिया ने शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। संचालन हिमांशु शुक्ला ने किया। इस दौरान मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के राज्य स्तरीय कार्यक्रम से प्रसारित संबोधन को लाइव देखा-सुना गया। विधायक मकवाना द्वारा कार्यक्रम में पशु चिकित्सा विभाग की योजना के तहत पशुओं के लिए कृत्रिम गर्भाधान किट प्रदान किए गए। 26-2-22

नईदुनिया 26/2/22

## 3,800 हितग्राहियों को 25 करोड़ रुपए के लोन बांटे

भास्कर संवाददाता | रतलाम

26-2-22

विधायक सभागृह में बैंकों के माध्यम से 3,800 हितग्राहियों को 25 करोड़ के लोन बांटे। मुख्य अतिथि विधायक दिलीप मकवाना ने कहा हितग्राही लाभान्वित होंगे। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने कहा यह रतलाम जिले का दूसरा रोजगार दिवस है। लीड बैंक मैनेजर दिलीप सेठिया ने शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के तहत ऋण लाभ की जानकारी दी। जिला पंचायत सीईओ जमुना भिड़े, निगमायुक्त सोमनाथ झारिया, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय प्रबंधक आर. रामाकृष्णा नाईक, डूडा के परियोजना अधिकारी अरुण पाठक, उद्योग विभाग के महाप्रबंधक मुकेश शर्मा, उपायुक्त नगर निगम विकास सोलंकी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

दै. भास्कर 26/2/22



# सफाई के साथ नागरिकों की आदत बदलें : श्री झारिया

## सफाई कार्य की समीक्षा बैठक में दिये निर्देश

रतलाम। स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 में रतलाम नगर को नम्बर 1 बनाने हेतु स्वच्छता कार्य में नियुक्त किये गये अधिकारी एवं कर्मचारियों की बैठक निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने निर्देशित किया कि सफाई के साथ नागरिकों की आदत को बदलें। आयोजित बैठक में निगम आयुक्त ने बैठक में कहा कि षहर में सफाई करना नगर निगम का कार्य है किन्तु शहर को साफ-स्वच्छ रखना नागरिकों का भी कर्तव्य है इसलिये इधर-उधर व खुले में कचरा डालने वाले नागरिकों की आदत को भी बदले। राजएक्सप्रेस

बैठक में निगम आयुक्त ने निर्देशित किया कि सफाई कर्मचारियों का रविवार का अवकाश रहेगा अन्य किसी भी दिवस में रेस्ट नहीं रहेगा। इसके अलावा नगर के 101 ऐसे उद्यान जहां औशधिय पौधो का रोपण किया गया है वहां पर सिंचाई की पर्याप्त व्यवस्था करवाये। षहर की सड़कों व अन्य स्थानों पर यदि सालिड या वेट वेस्ट है तो उसे हटाने व उठाने हेतु टेक्टर ट्रॉली लगाई जाये। उन्होने निर्देषित किया कि सड़क पर यदि भवन निर्माण सामग्री पाई जाती है तो सामग्री जब्त कर संबधित पर जुर्माना किया जाये। ट्रीटेड वॉटर का रियूज व भू-जल स्तर को बचाने हेतु नगर के सिविल वर्क करने वाले ठेकेदार निर्माण कार्य में नगर निगम से ट्रीटेड वॉटर 50 रूपये प्रति किलो लीटर के मान से क्रय करें इसका व्यापक प्रचार-प्रसार करें साथ ही ऐसे ट्यूबवेल मालिक जो कि ट्यूबवेल का पानी सिविल वर्क हेतु विक्रय करते उन पर दण्डात्मक कार्यवाही किये जाने के निर्देश बैठक में दिये। बैठक में उपायुक्त विकास सोलंकी, कार्यपालन यंत्री मोहम्मद हनीफ शेख, प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी सत्यप्रकाश आचार्य आदि मौजूद रहे। 26-2-22

राजएक्सप्रेस 26/2/22

# नेशनल लोक अदालत 12 को, अधिभार की राशि में मिलेगी छूट

रतलाम ● संपत्तिकर व जलकर के बकायादारों को अधिभार (सरचार्ज) में छूट देने हेतु 12 मार्च को नेशनल लोक अदालत के तहत बकाया राशि जमा कराने हेतु नगर निगम कार्यालय में फायर स्टेशन भवन के पास संपत्तिकर व जलकर काउंटर तथा जिला न्यायालय परिसर में शिविर का आयोजन कार्यालयीन समय में किया गया है।

सम्पत्ति कर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि रुपए 50,000/- (रुपए पचास हजार) तक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 100 प्रतिशत की छूट दी जाएगी तथा जलकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि रुपए 10,000/- (रुपए दस हजार) तक बकाया होने पर 100 प्रतिशत की छूट। सम्पत्ति कर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि रुपए 50,000/- (रुपए पचास हजार) से अधिक तथा रुपए 1,00,000/- (रुपए एक लाख) तक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 50 प्रतिशत की छूट तथा जलकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि रुपए 10,000/- से अधिक तथा रुपए 50,000/- तक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 75 प्रतिशत की छूट। सम्पत्ति कर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि रुपए 1,00,000/- (रुपए एक लाख) से अधिक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 25 प्रतिशत की छूट तथा जलकर के ऐसे प्रकरण ,जिनमें कर तथा अधिभार की राशि रुपए 50,000/- से अधिक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 50 प्रतिशत की छूट। उक्त छूट मात्र एक बार ही दी जाएगी। यह छूट वर्ष 2020-21 तक की बकाया राशि पर ही देय होगी। यह छूट मात्र 12 मार्च की नेशनल लोक अदालत के लिए मान्य होगी।

स्वदेश २६/२/२२

## एसटीपी से 10.80 लाख लीटर ट्रीटेड पानी का उपयोग

**रतलाम।** सीवरेज योजना के करमदी व खेतलपुर एसटीपी प्लांट में सीवरेज वाटर को ट्रीटेड किया जाकर नगर निगम द्वारा उसका रियूज किया जा रहा है। गत आठ दिनों में करमदी एसटीपी प्लांट से 5.30 लाख व खेतलपुर एसटीपी प्लांट से 5.50 लाख लीटर पानी का रियूज करते हुए नगर निगम के उद्यानों में सिंचाई, फायर लारी, वाहनों की धुलाई, रोड डिवाइडरों की सफाई व डिवाइडर में लगे पौधों में सिंचाई के कार्य में उपयोग लिया गया। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने सिविल कार्य के ठेकेदार, भवन निर्माण करने वाले नागरिक आदि से अपील की है कि वे भवन निर्माण कार्य में ट्यूबवेल का पानी उपयोग ना करते हुए नगर निगम के खेतलपुर व करमदी एसटीपी प्लांट से 50 रुपये प्रति किलोलीटर के मान से ट्रीटेड वाटर ले सकते है। 26.2.22

## क्षेत्रफल से ज्यादा निर्माण, पांच गुना लगेगा संपतिकर

**रतलाम।** नगर निगम संपतिकर विभाग के अमले द्वारा शहर में 5000 स्क्वेयर फीट से अधिक के व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, भवनों की नपती की जा रही है। विवरणी में दर्शाए गए क्षेत्रफल से अधिक का एरिया पाए जाने पर संबंधित पर अधिक क्षेत्रफल का बिल पांच गुना जुर्माने के साथ दिया जा रहा है। करमदी रोड क्षेत्र में बद्रीलाल अमराजी के भवन का क्षेत्रफल अधिक पाए जाने पर 103738 1 व गफ्फूर मार्ग क्षेत्र में बाबूलाल- मिश्रीमल लुणावत लुणावत मार्केट का क्षेत्रफल अधिक पाये जाने पर पांच गुना शास्ति के साथ 1476573 का बिल निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार दिया गया है।

नई दुनिया

नईदुनिया / 26/2/22

## जिले के लिए 164 जल प्रदाय योजनाएं स्वीकृत

**रतलाम।** राष्ट्रीय "जल जीवन मिशन" में ग्रामीण आबादी को घरेलू नल कनेक्शन से पेयजल की आपूर्ति किए जाने के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग और जल निगम द्वारा जल संरचनाओं की स्थापना एवं विस्तार के कार्य किए जा रहे हैं। उज्जैन संभाग के 701 गांवों में प्रत्येक परिवार के लिए नल से जल की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। संभाग के लिए स्वीकृत जलप्रदाय योजनाओं में रतलाम की 164 योजनाएं शामिल हैं। 26.2.22

दै. भास्कर 26/2/22

# माह में एक दिन मनेगा रोजगार दिवस

## मुख्यमंत्री ने प्रदेश के 5 लाख 6 हजार लोगों को ऋण स्वीकृति के चेक वितरित किए



भोपाल, (आरएनएन)। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान शुक्रवार को शहडोल जिले में आयोजित राज्य स्तरीय रोजगार दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए और प्रदेश के करीब 5 लाख से अधिक युवाओं को विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं के अंतर्गत ऋण स्वीकृति के चेक वितरित किए। इस अवसर पर जनता को संबोधित करते हुए सीएम चौहान ने पीडीएस दुकानों में राशन वितरण में धांधली करने वालों को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि मैंने तय किया है कि राशन में अगर किसी ने गड़बड़ की तो छोड़ना नहीं है, हथकड़ी लगाकर जेल भिजवाकर चक्की पिसवाना है, ऐसे लोगों को हम बर्दाश्त नहीं करेंगे। गरीब का अन्न किसी को खाने नहीं दूंगा, गड़बड़ करने वाले को चैन से जीने नहीं दूंगा।

**617.89 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण :** शहडोल में आयोजित रोजगार दिवस कार्यक्रम पर सीएम ने कहा कि हर महीने में एक दिन रोजगार दिवस मनाया जाएगा। आज रोजगार दिवस के माध्यम से प्रदेश के 5 लाख 6 हजार लोगों को स्व-रोजगार के लिए ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। 29 मार्च को फिर से रोजगार दिवस मनाकर लाखों लोगों को रोजगार दिया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री चौहान ने स्व रोजगार योजनाओं के अंतर्गत चयनित लाभान्वित हितग्राहियों को ऋण स्वीकृति पत्र और हितलाभ का वितरित किया और 617.89 करोड़ रुपए के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया।

26-2-22 राज एक्सप्रेस 27

राजएक्सप्रेस 26/2/22

# नेशनल लोक अदालत का 12 मार्च को

रतलाम। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली व राज्य शासन के निर्देशानुसार संपत्तिकर व जलकर के बकायादारों को अधिभार (सरचार्ज) में छूट देने हेतु 12 मार्च शनिवार को नेशनल लोक अदालत के तहत बकाया राशि जमा कराने हेतु नगर निगम कार्यालय में फायर स्टेशन भवन के पास संपतिकर व जलकर काउंटर तथा जिला न्यायालय परिसर में शिविर का आयोजन कार्यालयीन समय में किया गया है। आयोजित नेशनल लोक अदालत में सम्पत्ति कर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि रूपये 50 हजार तक बकाया होने पर मात्र अधिभार में 100 प्रतिशत की छूट दी जायेगी तथा जलकर के ऐसे प्रकरण जिनमें कर तथा अधिभार की राशि रूपये 10 हजार तक बकाया होने पर 100 प्रतिशत की छूट। इं. समाचार 26-2-22

इन्दौर समाचार
२६/२/२२

### सफाई कार्य की समीक्षा बैठक में दिये निर्देश

# सफाई के साथ नागरिकों की आदत बदले : झारिया

इन्दौर समाचार 26-2-22



**रतलाम।** स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 में रतलाम नगर को नम्बर 1 बनाने हेतु स्वच्छता कार्य में नियुक्त किये गये अधिकारी एवं कर्मचारियों की बैठक निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने निर्देशित किया कि सफाई के साथ नागरिकों की आदत को बदलें।

आयोजित बैठक में निगम आयुक्त श्री झारिया ने बैठक में कहा कि शहर में सफाई करना नगर निगम का कार्य है किन्तु शहर को साफ-स्वच्छ रखना नागरिकों का भी कर्तव्य है इसलिये इधर-उधर व खुले में कचरा डालने वाले नागरिकों की आदत को भी बदले। बैठक में निगम आयुक्त श्री झारिया ने निर्देशित किया कि सफाई कर्मचारियों का रविवार का अवकाश रहेगा अन्य किसी भी दिवस में रेस्ट नहीं रहेगा। इसके अलावा नगर के 101 ऐसे उद्यान जहां औषधिय पौधो का रोपण किया गया है वहां पर सिंचाई की पर्याप्त व्यवस्था करवाये। शहर की सड़कों व अन्य स्थानों पर यदि सालिड या वेट वेस्ट है तो उसे हटाने व उठाने हेतु ट्रेक्टर ट्रॉली लगाई जाये। उन्होंने निर्देशित किया कि सड़क पर यदि भवन निर्माण सामग्री पाई जाती है तो सामग्री जब्त कर संबंधित पर जुर्माना किया जाये। ट्रीटेड वॉटर का रियूज व भू-जल स्तर को बचाने हेतु नगर के सिविल वर्क करने वाले ठेकेदार निर्माण कार्य में नगर निगम से ट्रीटेड वॉटर 50 रूपये प्रति किलो लीटर के मान से क्रय करें इसका व्यापक प्रचार-प्रसार करें साथ ही ऐसे ट्यूबवेल मालिक जो कि ट्यूबवेल का पानी सिविल वर्क हेतु विक्रय करते उन पर दण्डात्मक कार्यवाही किये जाने के निर्देश बैठक में दिये। आयोजित बैठक में उपायुक्त विकास सोलंकी, कार्यपालन यंत्री मोहम्मद हनीफ शेख, प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी सत्यप्रकाश आचार्य, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, प्रभारी सहायक यंत्री एम.के. जैन, उपयंत्री सुहास पंडित, बी.एल. चौधरी, राजेश पाटीदार, ब्रजेश कुशवाह, मनीष तिवारी, सुश्री दीक्षा निजामपुरकर, निज सहायक सुभाष गोयल, झोन प्रभारी व पर्यवेक्षक उपस्थित थे।

इन्दौर समाचार २६/२/२२

# सफाई के साथ नागरिकों की आदत बदले : झारिया

## सफाई कार्य की समीक्षा बैठक में दिये निर्देश

**स्वतंत्र समय, रतलाम।** 26-2-22

स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 में रतलाम नगर को नम्बर 1 बनाने हेतु स्वच्छता कार्य में नियुक्त किये गये अधिकारी एवं कर्मचारियों की बैठक निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने निर्देशित किया कि सफाई के साथ नागरिकों की आदत को बदलें। आयोजित बैठक में निगम आयुक्त श्री झारिया ने बैठक में कहा कि शहर में सफाई करना नगर निगम का कार्य है किन्तु शहर को साफ-स्वच्छ रखना नागरिकों का भी कर्तव्य है इसलिये इधर-उधर व खुले में कचरा डालने वाले नागरिकों की आदत को भी बदले। बैठक में निगम आयुक्त श्री झारिया ने निर्देशित किया कि सफाई कर्मचारियों का रविवार का अवकाश रहेगा अन्य



किसी भी दिवस में रेस्ट नहीं रहेगा। इसके अलावा नगर के 101 ऐसे उद्यान जहां औषधिय पौधो का रोपण किया गया है वहां पर सिंचाई की पर्याप्त व्यवस्था करवाये। शहर की सड़कों व अन्य स्थानों पर यदि सालिड या वेट वेस्ट है तो उसे हटाने व उठाने हेतु ट्रेक्टर ट्रॉली लगाई जाये।

स्वतंत्र समय २६/२/२२

### रोड पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ चला अभियान

# 40 दुकानों पर चले हथोड़े एक जगह से सामग्री की जब्त

पत्रिका सिटी हैपनिंग

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. नगर निगम के लोकनिर्माण विभाग के अमले ने पुलिस बल के सहयोग से शहर में शुक्रवार को तीन अलग-अलग स्थान पर अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की। माणकचौक व रंगरेज रोड पर नियम के विपरीत रोड पर अतिक्रमण कर कारोबार करने वालों की दुकान पर हथोड़े चलाए गए। जबकि दो बत्ती स्थित अंकलेसरिया भवन पर कारोबारी ने निगमकर्मी को कार्रवाई करने से रोकने का प्रयास किया।

दोपहर करीब 12 बजे सबसे पहले निगम का दल माणकचौक में पुलिस थाने के सामने बनी दुकानों वाले क्षेत्र में पहुंचा। लोकनिर्माण विभाग के उपयंत्री राजेंद्र मिश्रा के नेतृत्व में एक - एक करके 30 दुकानों पर मंजूरी से अधिक किए गए निर्माण पर हथोड़े चलाए गए। यहां 30 दुकानों पर हथोड़े चलाए गए।



## रंगरेज रोड पर 10 पर कार्रवाई

इसके बाद दल रंगरेज रोड पर गया। माणकचौक क्षेत्र के दुकानदारों की तरह इस क्षेत्र में भी कार्रवाई की गई। यहां पर करीब 10 दुकानदारों द्वारा मंजूरी से अधिक क्षेत्र में दुकान का सामान रोड पर रखा हुआ था। दुकानों पर अधिक किए गए निर्माण पर हथोड़े चलाए गए।

## अंकलेसरिया पर दूसरी बार

दोपहर करीब 1.30 बजे निगम का अमला दो बत्ती स्थित अंकलेसरिया भवन पहुंचा। यहां पर चल रहे निर्माण कार्य की सामग्री रोड पर पाई जाने पर जब्त किया गया। इस दौरान कार्रवाई देखने के लिए रोड पर बड़ी संख्या में भीड़ भी एकत्रित हो गई। दो बत्ती क्षेत्र में निर्माणाधीन अंकलेसरिया भवन पर दूसरी बार कार्रवाई की गई है। शुक्रवार की कार्रवाई के पूर्व बगैर मंजूरी निर्माण पाए जाने पर सामग्री जब्त की गई थी।

### हम हमारा कार्य कर रहे

नगर निगम ने अपना कार्य किया है, हम हमारा कार्य कर रहे हैं। इससे अधिक कुछ नहीं कहना है। - **गुस्ताव अंकलेसरिया**, कारोबारी

### सतत चलेगा अभियान

शहर में यातायात बेहतर रहे, इसलिए रोड पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ अभियान निरंतर चलेगा। - **सोमनाथ झारिया**, आयुक्त नगर निगम

पत्रिका २६/२/२२

# माणकचौक में करोड़ों की जमीन से हटा अतिक्रमण

रतलाम » दबंग रिपोर्टर

माणकचौक थाने के सामने से शुक्रवार दोपहर को अतिक्रमण हटाया गया। पुलिस बल की मौजूदगी में नगर निगम के अधिकारियों, कर्मचारियों ने छैनी, हथौड़ी तो कहीं सब्बल की मदद से अतिक्रमण तोड़ा। इस दौरान अतिक्रमण कर्ताओं से वसूली की कार्रवाई भी की गई।

पूरे शहर में लगातार अतिक्रमण विरोधी मुहीम चल रही है जिस कड़ी में मुख्य बाजार में भी दल पंहुचा। शुक्रवार दोपहर को पुलिस की मौजूदगी में कार्रवाई शुरु हुई जिसमें लक्ष्मी मंदिर के साइड में मुख्य रोड पर बनी दुकानें हटाई गईं। यहां कई सालों से लोगों द्वारा कब्जा करके दुकानें बनाकर व्यापार किया जा रहा था। दुकानदारों ने कार्रवाई का विरोध किया लेकिन पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों ने सभी को हटने के लिए कहते हुए कहा कि यदि वे कार्रवाई में बाधा उतपन्न करतें हैं तो एफआईआर की जाएगी।

संकरी रोड और मुख्य बाजार में यातायात की समस्या के कारण यहां जेसीबी मशीन को नहीं लाया गया। बल्कि मजदूरों की मदद से सब्बल, छैनी, हथौड़े और अन्य छोटे औजारों और ड्रिल सहित अन्य छोटी मशीनों से दुकानें तोड़ी गईं। यह भूमि भी करोड़ों रुपए मूल्य की होकर थाने के ठीक सामने वर्षों से अतिक्रमण से ग्रस्त थी।




**वाहनों को किया गया डाईवर्ट, लगता रहा जाम**

कार्रवाई के कारण थाने के सामने वाली सड़क पर भयानक जाम लग गया। इसके कुछ समय बाद पुलिस ने इस मार्ग पर वाहनों का आना जाना प्रतिबंधित कर दिया। इस कारण नौलाईपुरा और दूसरी ओर माणकचौक से कंकू वाली गली होते हुए घास बाजार वाली रोड पर बार बार जाम लगता रहा।

## सोशल मीडिया पर वायरल हुई कार्रवाई

माणकचौक बाजार में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करीब 10 साल बाद होने से इसकी सूचना सोशल मीडिया पर भी तेजी से वारयल होने लगी। उल्लेखनीय है कि शहर के माणकचौक, चांदनीचौक, घास बाजार, धानमंडी आदि क्षेत्र में अतिक्रमण के कारण लोगों का वाहनों से तो दूर पैदल निकलना भी वर्षो से मुश्किल है। हालांकि अभी तक इस पर ठोस कार्रवाई नहीं होने से समस्या जस की तस है। परंतु शुक्रवार को आखिरकार बाजार में हुई कार्रवाई को लेकर लोग सोशल मीडिया पर कमेंट करते रहे।

दबंग

दबंग दुनिया 26/2/22

# सफाई के साथ नागरिकों की आदत बदलें- झारिया

रतलाम ● स्वदेश समाचार

स्वच्छ सर्वेक्षण में नगर को नम्बर-1 बनाने हेतु स्वच्छता कार्य में नियुक्त किए गए अधिकारी एवं कर्मचारियों की बैठक निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने निर्देशित किया कि सफाई के साथ नागरिकों की आदत को बदलें।

श्री झारिया ने बैठक में कहा कि शहर में सफाई करना नगर निगम का कार्य है किन्तु शहर को साफ-स्वच्छ रखना नागरिकों का भी कर्तव्य है इसलिए इधर-उधर व खुले में कचरा डालने वाले नागरिकों की आदत को भी बदलें। उन्होंने निर्देशित किया कि सफाई कर्मचारियों का रविवार का अवकाश रहेगा अन्य किसी भी दिवस में रेस्ट नहीं रहेगा। इसके अलावा नगर के 101 ऐसे उद्यान जहां औषधिय पौधों का रोपण किया गया है वहां पर सिंचाई की पर्याप्त व्यवस्था करवाएं। शहर की सड़कों व अन्य स्थानों पर यदि सालिड या वेट वेस्ट है तो उसे हटाने व उठाने हेतु ट्रैक्टर-ट्रॉली लगाई जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि सड़क पर यदि भवन निर्माण सामग्री पाई जाती है तो सामग्री जब्त कर संबंधित पर जुर्माना किया जाए। ट्रीटेड वॉटर का रियूज व भू-जल स्तर को बचाने हेतु नगर के सिविल वर्क करने वाले ठेकेदार निर्माण कार्य में नगर निगम से ट्रीटेड वॉटर 50 रुपए प्रति किलो लीटर के मान से क्रय करें, इसका व्यापक प्रचार-प्रसार करें। साथ ही ऐसे ट्यूबवेल मालिक जो कि ट्यूबवेल का पानी सिविल वर्क हेतु विक्रय करते उन पर दण्डात्मक कार्रवाई किए जाने के निर्देश बैठक में दिए।

स्वदेश २६/२/२२

# बंजली में सरकारी जमीन पर बने मकानों के दस्तावेज मांगे, लोगों ने चक्काजाम किया

## सैलाना मार्ग पर किया प्रदर्शन, प्रशासन करा रहा है जांच



सैलाना मार्ग स्थित बंजली फंटे पर चक्काजाम करती महिलाएं व समझाइश देते हुए औद्योगिक क्षेत्र टीआइ ओपी सिंह। ● नईदुनिया

**रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)।** समीपस्थ ग्राम बंजली व बरबड़ क्षेत्र में प्रशासन द्वारा सरकारी जमीन पर बने तीन सौ से अधिक मकानों को अतिक्रमण मानते हुए नोटिस जारी किए हैं। नोटिस मिलने के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने शुक्रवार सुबह 11 बजे सैलाना मार्ग स्थित बंजली फंटे पर चक्काजाम कर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान जमकर नारेबाजी की गई। पुलिस अधिकारियों ने समझाइश देकर करीब सवा घंटे बाद जाम खुलवाया।

उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन द्वारा सरकारी जमीनों को अतिक्रमण मुक्त कराने का अभियान चलाया जा रहा है। अब बंजली व बरबड़ में बने अनेक मकानों के स्वामियों को प्रशासन द्वारा नोटिस देकर अतिक्रमण करने संबंधी जवाब मांगा है। साथ ही उन्हें बेदखल करने की चेतावनी भी दी गई है। ग्रामीणों के चक्काजाम करने पर एसडीएम शहर राजेश शुक्ला, सीएपी हेमंत चौहान, औद्योगिक क्षेत्र टीआइ ओपी सिंह आदि मौके पर पहुंचे। दोपहर करीब 12:15 चक्काजाम समाप्त कराया। एसडीएम ने ग्रामीणों से कहा कि वे नोटिस का जवाब दे दें। अभी किसी को भी बेदखल नहीं कर रहे हैं। अब ग्रामीण इस संबंध में कलेक्टर से मुलाकात करेंगे।

### मकान तोड़े गए तो आंदोलन करेंगे

26-2-22

पंकज राव व जितेंद्र राठौड़ ने बताया कि कई वर्षों से रह रहे हैं। उनकी रोजी-रोटी यहीं है। सरकार से कई बार पट्टों की मांग की गई, लेकिन पट्टे नहीं दिए गए। किसी ने दो तो किसी ने तीन लाख रुपये लगाकर मकान बनाए हैं। मकान तोड़ देंगे तो वे परिवार को लेकर कहां जाएंगे। सभी को पट्टे दिए जाए। यदि मकान तोड़े गए तो निरंतर आंदोलन किया जाएगा।

**प्रधानमंत्री आवास योजना में बने मकान का भी नोटिस:** लालूराम पुत्र बिजल निवासी ग्राम बंजली ने बताया कि उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत मकान बनाया है। इसके बावजूद उन्हें भी अतिक्रमण का नोटिस दिया गया है। चार वर्ष पहले तत्कालीन कलेक्टर तन्वी सुंद्रियाल ने शुभकामना संदेश प्रमाण-पत्र भी दिया था, वहीं मकान निर्माण के लिए ग्राम पंचायत को प्रशस्ति-पत्र भी दिया गया था। जब योजना के तहत मकान बना है तो नोटिस क्यों दिया गया।

**यह है मामला:** शासन द्वारा स्वामित्व योजना में गांवों में आबादी घोषित करने के लिए ड्रोन सर्वे कराया जा रहा है। बंजली में शासकीय जमीन पर कई लोगों द्वारा मकान बना लिए गए हैं, लेकिन उन्हें पट्टा नहीं मिला है। गत पांच से सात वर्षों में बाहर से आए लोगों को भी यहां बसाया गया। इसके चलते अब मौके पर मौजूद लोगों को नोटिस देकर जवाब में दस्तावेज मांगे गए हैं। कुछ लोग ऐसे भी हैं, जिनके अन्य स्थानों पर भी मकान हैं। इस संबंध में पहले भी शिकायत हुए हैं।

नईदुनिया 26/2/22

## माणकचौक सहित चार स्थानों से हटाया अतिक्रमण



रतलाम | शुक्रवार को नगर निगम ने माणकचौक सहित चार स्थानों से अतिक्रमण हटाया। महालक्ष्मी मंदिर से गणेश देवरी तक 40 दुकानों के सामने बने ओटले, टीन शेड को हटाया। दुकानों के बाहर रखे सामान के साथ ठेलागाड़ियों को हटाया। साथ ही डाट पुल से डीआरएम ऑफिस तक होटल व दुकानदारों ने सड़क व फुटपाथ सामग्री रखकर कब्जा जमा रखा था। इस पर अमले जब्ती में लिया। दो बत्ती में जीडी अंकलेसरिया के यहां निर्माण सामग्री व मलबे को जब्त किया। प्रताप नगर ब्रिज से ठेलागाड़ी को जब्त किया। कार्रवाई अतिक्रमण दस्ता प्रभारी राजेंद्र मिश्रा के निर्देशन में की।

भास्कर 26-2-22

भास्कर 26-2-22

## भवन और दुकानों की नपती : 10 लाख तो किसी को 14 लाख रुपए भरना होंगे

भास्कर संवाददाता | रतलाम

नगर निगम 5 हजार स्क्वेयर फीट से अधिक के व्यावसायिक प्रतिष्ठान और भवनों की नपती कर रहा है। ज्यादा क्षेत्रफल मिलने पर भवन और दुकान मालिकों से पांच गुना राशि वसूली जा रही है। शुक्रवार को नगर निगम टीम ने अलग-अलग क्षेत्रों में नपती की। क्षेत्रफल से अधिक का एरिया मिलने पर संबंधित मकान मालिक से अधिक क्षेत्रफल का बिल 5 गुना पैनाल्टी के साथ राशि वसूली जा रही है। करमदी रोड पर बद्रीलाल अमराजी के भवन का क्षेत्रफल ज्यादा मिला। उन्हें 10 लाख 37 हजार 381 रुपए का नोटिस जारी किया। उन्हें यह बिल नगर निगम को चुकाना होगा। बाबूलाल-मिश्रीमल लूणावत लूणावत मार्केट का क्षेत्रफल अधिक पाए जाने पर 14 लाख 76 हजार 573/- का बिल जारी किया।

दै. भास्कर 26/2/22

## ▸ शासकीय जमीन से कब्जा हटाने के लिए जारी किए गए थे नोटिस

करना पड़ी। शासकीय जमीन पर बने मकानों को हटाने के लिए तहसील कार्यालय द्वारा करीब कई ग्रामीणों को नोटिस जारी किए गए थे। जिससे नाराज ग्रामीण सड़क पर ही धरने पर बैठ गए और रोड जाम कर दिया। शहर



## ▸ माणकचौक पर कार्रवाई

इधर माणकचौक क्षेत्र पर भी दल पहुंचा। यहां किए गए अतिक्रमण पर टीम ने कार्रवाई करते अतिक्रमण वाले हिस्सों को तोड़ा और सामाग्री भी वाहन में भर कर ले गए। इस दौरान कई दुकानदार भी अतिक्रमण तोड़ते नजर आए।

नवभारत

नवभारत 26/2/22



# स्ट्रीट लाईट के प्रकाश से जगमगाया अहिंसा ग्राम बायपास मार्ग

स्वतंत्र उजाला 26-2-22

## विधायक श्री काश्यप ने बटन दबाकर किया शुभारंभ

रतलाम । शहर विधायक चेतन्य काश्यप ने प्रताप नगर से अहिंसाग्राम होते हुए डी मार्ट तक लगाई गई स्ट्रीट लाईट का बटन दबाकर शुभारंभ किया? भाजपा जिलाध्यक्ष राजेन्द्रसिंह लुनेरा, पूर्व महापौर शैलेन्द्र डागा, निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया आदि उनके साथ थे ।

विधायक चेतन्य काश्यप ने इस मौके पर कहा कि प्रताप नगर से अहिंसाग्राम होते हुए डी मार्ट तक पूर्व में सीमेन्ट कांक्रीट सड़क का निर्माण करवाया गया था। इस सड़क पर आवासीय कॉलोनिया, मॉल आदि होने नागरिकों का आवागमन रहता है, रात्रि में नागरिकों को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा ना हो , इस हेतु सड़क के दोनो ओर 94 स्ट्रीट लाईट लगवाई गई है 7 विद्युत कनेक्शन होने के बाद इसके शुभारंभ से यह सड़क रात्रि में प्रकाश से जगमगा रही है।

मिडटाउन में मीठे पानी की समस्या की जानकारी मिलने पर विधायक श्री काश्यप ने मिडटाउन का बल्क कनेक्शन शीघ्र कराने की घोषणा की 7 रहवासियों ने मीठे पानी व स्ट्रीट लाईट के लिए उनका आभार व्यक्त किया।संचालन् मंडल महामंत्री राकेश परमार ने किया 7 आभार राधेश्याम मारू ने माना। इस अवसर पर पूर्व महापौर शैलेन्द्र डागा,वरिष्ठ नेता मनोहर पोरवाल, प्रदेश कार्य समिति सदस्य निमिष व्यास, मंडल अध्यक्ष आदित्य डागा, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष मंसुर जमादार, रघुवीरसिंह लुनेरा, लक्ष्मीनारायण मीणा, प्रकाश व्यास,बलराम शर्मा सहित निगम अधिकारी,कर्मचारी व क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित थे।

स्वतंत्र उजाला 26/2/22

# निगम अमले ने चार स्थानों से हटाया अतिक्रमण



माणकचौक क्षेत्र में अतिक्रमण हटाते हुए निगमकर्मी। • नईदुनिया

रतलाम। नगर निगम के अतिक्रमण दस्ते ने शुक्रवार को माणक चौक क्षेत्र में निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार अतिक्रमण हटाने की मुहिम प्रारंभ करते हुए महालक्ष्मी मंदिर से गणेश देवरी तक 40 दुकानों के सामने बने ओटले, टीन शेड, दुकानों के बाहर रखे सामान व 10 ठेलागाड़ियों को भी हटाया गया।

इसके अलावा डाट की पुल से डीआरएम आफिस तक होटल व दुकानदारों द्वारा सड़क व फुटपाथ पर रखी सामग्री को हटाते हुए दो बत्ती क्षेत्र में जीडी अंकलेसरिया की भवन निर्माण सामग्री व मलवा व प्रताप नगर ब्रिज से ठेलागाड़ी जब्त की गई। कार्रवाई के दौरान रंगरेज रोड पर दुकानदारों व दो बत्ती पर टैंपटन अंकलेसरिया से अमले की बहस भी हो गई। नईदुनिया 26-2-22

नईदुनीया 26/2/22